# गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद
# Guru Jambheshwar University, Moradabad
*(A State University of Government of Uttar Pradesh)*
**Contact: 05912976525, Email: gjumoffice@gmail.com**

पत्रांक : गु0ज0वि0वि0मु0/प0नि0/2026/ 80 दिनांक : 12.01.2026

सेवा में,

समस्त प्राचार्य/प्राचार्या/केन्द्राध्यक्ष,
सम्बद्ध महाविद्यालय,
गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय,
मुरादाबाद।

विषयः– सत्र 2025–26 की प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाओं हेतु परीक्षा केन्द्रों के मानक को पूर्ण किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,,

कृपया उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में आपको अवगत कराना है कि जिन महाविद्यालयों को प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा हेतु परीक्षा केन्द्र बनाया गया है उनके मानकों के निरीक्षण हेतु माननीय कुलपति जी के आदेशानुसार टीमें गठित की गयी हैं। उक्त टीमों द्वारा परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर पायी गयी कमियों को दुरूस्त करने के लिये सम्बन्धित महाविद्यालय के प्राचार्य/प्राचार्या/केन्द्राध्यक्ष को निर्देशित किया गया है/किया जा रहा है। निरीक्षण में पायी गयी कमियों को परीक्षा प्रारम्भ होने से पूर्व पूर्ण किया जाना आवश्यक एवं बाध्यकारी है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि परीक्षा केन्द्र हेतु निर्धारित समस्त मानकों को परीक्षा प्रारम्भ होने से पूर्व दिनांक 15.01.2026 तक अवश्य पूर्ण कर लें। यदि निरीक्षण में पायी गयी कमियों एवं मानकों को पूर्ण नहीं किया जाता है तो सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित प्राचार्य/प्राचार्या/केन्द्राध्यक्ष एवं महाविद्यालय प्रशासन का होगा तथा विश्वविद्यालय द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

भवदीय

12/01/26
(अमृत लाल)
परीक्षा नियंत्रक

<u>प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–</u>

1. निजी सचिव, माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. कुलसचिव, गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद ।
3. वित्त अधिकारी, गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद।
4. सहायक कुलसचिव, गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद।
5. गार्ड फाईल।

परीक्षा नियंत्रक